PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Thu, 08 Jun 2017, Page 16
Width: 34.07 cms, Height: 18.00 cms, a3r, Ref: 36.2017-06-08.157

राजभवन में पहली बार योग की क्लास

कार्यक्रम

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

राजभवन में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम के मंच पर दो-दो महायोगी मौजूद हैं। इनमें एक राज योगी यानी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और दूसरे योगी राज यानी योग गुरु रामदेव हैं। यह बातें राज्यपाल राम नाईक ने राजभवन परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में कहीं।

इस मौके पर जब बाबा रामदेव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री तन के लचीले और मन के हठीले हैं तो योग कर रहे मुख्यमंत्री खिलखिला कर यूं हंसे कि उनका संतुलन बिगड़ गया। राज्यपाल ने कहा कि देश के किसी भी राजभवन में पहली बार इस तरह योगाभ्यास का आयोजन किया गया है।

रामदेव ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री को योग का अभ्यास कराया : राजभवन के सुरम्य लॉन में बुधवार की सुबह पहली बार योग की क्लास लगी। योग गुरु रामदेव ने राज्यपाल राम नाईक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सरकार के मंत्रियों और करीब 1500 अन्य लोगों को योग का अभ्यास कराया। यह 21 जून को लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास था। सत्र की शुरुआत सुबह छह बजे राष्ट्रगान के साथ हुई।

लखनऊ में बुधवार को राजभवन में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योगासन की मुद्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और योगगुरु बाबा रामदेव। • हिन्दुस्तान